मूल्य नियंत्रण के उपाय सुझाने के लिए एक उप-समिति

4965. **श्री हरगोविन्द वर्मा** : क्या **वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मूल्यों पर नियंत्रण करने के उपाय सुझाने के लिए मंत्रियों की कोई उप-समिति गठित की गई है;

(ख) यदि हां, तो क्या इस उप-समिति ने कोई सुझाव दिए हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो उस के द्वारा कब तक सुझाव दिए जाने की आशा है ?

वाणिज्य तथा नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कृष्ण कुमार गोयल) : (क) और (ख) मंत्रिमण्डल की ऐसी कोई औपचारिक उप समिति गठित नहीं की गई है ।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठते ।

विदेशी सहयोग से फाइव स्टार वाले होटलों की स्थापना करना

4966. **श्री रवीन्द्र प्रताप सिंह** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार विदेशी सहयोग से और फाइव स्टार होटल बनाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो ऐसे कितने होटल बनाने का प्रस्ताव है और ये कब तक बन जायेंगे;

(ख) क्या यह सच है कि विदेशी पर्यटकों को बड़े शहरों के होटलों में जगह नहीं मिल रही है और यदि हां, तो इस बारे में सरकार ने क्या व्यवस्था की है; और

(ग) क्या इंडियन एयरलाइन्स के अन्तर्गत होटलों में ठंडा भोजन दिया जाता है और वहां पर सेवा भी सन्तोषजनक नहीं है और यदि हां, तो इस बारे में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री पुरुषोत्तम कौशिक) : (क) विदेशी सहायता से देश में सार्वजनिक क्षेत्र का कोई होटल तैयार नहीं किया गया है और न ही फिलहाल ऐसी किसी योजना का कोई प्रस्ताव है

(ख) व्यस्ततम पर्यटक मौसम, में, कुछ शहरों में होटल आवास न मिलने के समाचार मिले हैं। देश में होटल आवास को बढ़ाने के लिए, सार्वजनिक क्षेत्र के होटल निर्माण के अतिरिक्त निजी क्षेत्र को भी वित्तीय राहतें, सस्थागत ऋणों के रूप में आर्थिक सहायता, आवश्यक जरूरतों की पूर्ति के लिये प्राथमिकता से विचार इत्यादि, जैसे कईप्रकार के प्रोत्साहन प्रदान करके निर्धारित मानकों के अनुरूप और अधिक होटल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ।

(ग) इंडियन एयरलाइन्स के अपने होटल नहीं हैं और न ही वह किन्हीं होटलों का परिचालन ही करती है ।

Supply of Rapeseed Oil to Orissa State

4967. SHRI JENA BAIRAGI : will the Minister of COMMERCE AND CIVIL SUPPLIES AND COOPERATION be pleased to state :

(a) whether Government have assured to supply the State Government of Orissa 1000 M.T. (metric tonnes) of rapseed Oil ;